शुक्रवार, 12 जनवरी 2024, ठाणे, मुंबई

CITY NEWS MUMBAI

# दैनिक सिटी न्यूज़ मुंबई

सच का जोश

YouTube LIVE STREAM

वर्ष 13 • अंक: 141 CITY NEWS MUMBAI

## देश को मिलेगा भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल; पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



मुंबई,: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (12 जनवरी) को मुंबई में देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज 'अटल सेतु' (Atal Setu) का उद्घाटन करेंगे। मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ने वाली लिंक रोड 21.8 किलोमीटर ब्रिज का नाम 'अटल सेतु' रखा गया है। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी शामिल होंगे। इसके अलावा पीएम मोदी 30 हजार 500 करोड़ के कई विकास कार्यो का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। 'अटल सेतु' देश का सबसे बड़ा समुद्री ब्रिज होगा, जिसे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपयी के नाम पर रखा गया है। पीएमओ के एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि पीएम मोदी 12 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे नासिक पहुंचेंगे, जहां वे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

दोपहर करीब 3:30 बजे प्रधानमंत्री मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु (Atal Setu) का उद्घाटन करेंगे। लगभग 4:15 बजे, पीएम मोदी नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का विजन शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करके नागरिकों की गतिशीलता में आसानी "ease of mobility" को बेहतर बनाना है। इस विजन के अनुरूप, मुंबई ट्रांसहार्बर लिंक (एमटीएचएल), का नाम अब 'अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु' रखा गया है, जो अब बनकर पूरी तरह से तैयार हो गया है।

इस पुल का शिलान्यास दिसंबर 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। 'अटल सेतु' मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगा और मुंबई से पुणे,

गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा में लगने वाले समय को भी कम करेगा। यह मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा।

## घर बैठकर निबंध लिखें उद्धव ठाकरे...

# स्पीकर के फैसले की आलोचना पर फडणवीस-शिंदे का डबल अटैक



मुंबई: महाराष्ट्र में शिंदे गुट को असली शिवसेना बताए जाने जाने राजनीति गरमाई हुई है। शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के साथ महा विकास आघाडी के दलों ने स्पीकर के फैसले को गलत बताया है। शिवसेना यूबीटी के मुख पत्र सामना में स्पीकर और बीजेपी के साथ शिंदे को टेस्ट ट्यूब बेबी बताया गया है। इस सब के बीच महाराष्ट्र बीजेपी के नेता और राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अब उद्धव ठाकरे को निशाने पर लिया है। फडणवीस ने छत्रपति संभाजीनगर में उद्धव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि एक व्यक्ति जो मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान अपने घर से बाहर नहीं निकला था, वह अब इस बारे में बात कर रहा है कि उसने क्या किया है और अगर वह पद पर बना रहता तो क्या करता। ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कभी-कभी हमें निबंध लिखना पड़ता है कि अगर मैं पक्षी होता तो क्या होता, अगर मैं क्रिकेटर होता तो क्या होता आदि। इस राज्य में एक व्यक्ति है जो कहता है कि मैंने यह किया है, अगर मैं मुख्यमंत्री होता तो यह करता। जब वह ढाई साल तक मुख्यमंत्री थे तो अपने घर से बाहर नहीं निकले। उन्होंने एक कार्यक्रम से इतर कहा, उन्हें बस घर बैठकर निबंध लिखना चाहिए।

## उपायुक्त रवि पवार ने अंत मे मजबूरी मे भायंदर पुलिस को शांईन मेटेनेन्स पर फर्जीवाडा और धोकधडी का मामला दर्ज करने के लिए दिया पत्र


मीरा भयंदार ( सिटी न्यूज़ मुंबई ) सिटी न्यूज़ मुंबई लगातार जिस तरह से शाइन मेंटेनन्स कंपनी के शौचालय क़ी साफ सफाई और उनके पास काम करने वाले कर्मचारियों क़ी व्यथा यूटूब के वीडियो के माध्यम से उजागर कर रहा था जिस पर मनपा आयुक्त ने संज्ञान लेकर स्वयं शौचालय का ज्याजा पिछले महीने लिया जिस मे काफी सच्चाई पायी गयी थी। कर्मचारियों को राज्य सरकार के आदेश के अनुसार वेतन भी नहीं दिया गया था जबकि रेकार्ड के लिए मनपा को चेक क़ी लिस्ट दी गयी थी क़ी वेतन बराबर अदा किया जा रहा है जबकि दी गये चेक नंबर और लिस्ट बोगस थे जोकि साबित हो चूका है और कर्मचारियों को कभी भी ऑनलइन पेमेंट नहीं दिया गया था, एक ही कर्मचारी से 2 शिफ्ट मे काम करवाकर 8 से 10 हजार रु दिए गए थे यह सब मामला आयुक्त के सामने आते ही शाइन मेंटेनन्स के खिलाफ मनपा प्रशासन को गुमराह और धोकाधड़ी का मामला दर्ज करने के आदेश आयुक्त संजय काटकर ने दिए। जिसके बाद उन्होंने उपायुक्त रवि पवार ने आदेश पर अमल करते हुए कर्मचारियों को वेतन ना देना महानगर पालीका के साथ



धोकाधड़ी करना और बोगस पेपर देकर जानकरी गलत देने दिशा भूल करना जैसे संगीन मामले भी उजागर हुए तो भायंदर पुलिस स्टेशन मे मामला दर्ज करने का लिखित पत्र अंत मे मजबूर होकर रवि पवार ने दिया है। उल्लेखनीय है क़ी रवि पवार का शाइन मेंटेनस को पूरा स्पोर्ट होने के चलते यह सब गड़बड़ी चल रही थी। लोगो क़ी समाजिक कार्यकर्ताओ क़ी पत्रकारो क़ी शिकायत पर रवि पवार अपने आप को ईमानदार बताया करते रहे और शाइन मेंटेनस को हमेशा बचाते रहे है। शाइन मेंटेनस को ब्लैक लिस्ट करने के लिए महासभा मे भी। मांग क़ी गयी थी लेकिन उसपर कभी भी कार्यवाही नहीं हुई लेकिन दबाव बढ़ने के चलते शाइन मेंटेनसे का ठेका रवि पवार के रहते रद्द कर दिया गया था और उन्ही के रहते दुबारा शाइन मेंटेनन्स को दुसरे नाम से दुबारा ठेका दिया गया है जोक़ी अबतक जारी है ।यह सब उपायुक्त रवि पवार के रहते हुआ है शांईन मेंटनेस के खिलाफ भायंदर पुलिस मे धोखाधडी का मामला दर्ज करने का पत्र दिया गया लेकिन इन धोकाधडी करने का मौका देने वाले अधिकारियो, कर्मचारियों पर भी मामला दर्ज करने क़ी मांग क़ी जा रही है ।ठेकेदार पर मामला दर्ज करने के साथ साथ उपायुक्त रवि पवार जोकि शांईन मेंटेनस को छुपे तौर मदद कर रहे थे इनपर भी कार्यवाही करने क़ी मांग वाल्मीकि क़ी समाज के लोग जिन्हे शौचालय से बेघर किया गया है वह कर रहे है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज महाराष्ट्र दौरे पर, प्रदेश को देंगे 30,500 करोड़ रुपए की सौगात

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार 12 जनवरी को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वे राज्य को 30,500 करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। पीएम मोदी दोपहर करीब 12:15 बजे नाशिक पहुंचेंगे, जहां वे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। दोपहर करीब 3:30 बजे प्रधानमंत्री मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन करेंगे। लगभग 4:15 बजे, प्रधानमंत्री नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे,



राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावाशेवा अटल सेतु प्रधानमंत्री का विजन शहरी परिवहन बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को मजबूत करके नागरिकों की ईज ऑफ मोबिलिटी को बेहतर बनाना है। इस विजन के अनुरूप, मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (एमटीएचएल) का नाम अब अटल बिहारी वाजपेयी शिवडी-न्हावा शेवा अटल सेतु रखा गया है। यह ब्रिज बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2016 में इस ब्रिज का शिलान्यास किया था। अटल सेतु का निर्माण 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया गया है। यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है।

## यह नए सपनों, संकल्पों का समय है : मोदी

**10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का मोदी ने किया उद्घाटन**

**संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति ने भी सम्मेलन को किया संबोधिर्त**



**गांधीनगर,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि यह नए सपनों, नये संकल्पों और निरंतर उपलब्धियों का समय है। श्री मोदी ने महात्मा मंदिर गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट- 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए 2024 के लिए अपनी शुभकामनाएं देकर 2047 तक भारत को 'विकसित' बनाने का संकल्प दोहराया जिससे अगले 25 वर्ष देश के 'अमृत काल' बनेंगे और कहा कि यह नए सपनों, नये संकल्पों और निरंतर उपलब्धियों का समय है। आर्सेलर मित्तल के अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन, जापान के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी, रिलायंस समूह के मुकेश अंबानी, अमेरिका के माइक्रोन टेक्नोलॉजीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय मेहरोत्रा, अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी, सिमटेक, दक्षिण कोरिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफरी चुन, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति एवं अबु धाबी के सुलतान महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने भी शिखर सम्मेलन को प्रारंभ में संबोधित किया।

### भारत 'विश्व मित्र' की भूमिका में आगे बढ़ रहा

श्री मोदी ने कहा, तेजी से बदलती दुनिया में भारत 'विश्व मित्र' की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को साझा सामूहिक लक्ष्यों को पाने का विश्वास दिलाया है। वैश्विक कल्याण के लिये भारत की प्रतिबद्धता, प्रयास और कठोर परिश्रम विश्व को सुरक्षित और समृद्ध बना रहे हैं। विश्व भारत को स्थायित्व के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखता है। एक ऐसा मित्र जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक सहयोगी जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है। एक स्वर जो वैश्विक कल्याण में विश्वास करता है।

## महिला सीईओ ने बच्चे की हत्या की योजना बनाई थी

**नई दिल्ली,** बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी की सीईओ सूचना सेठ ने अपने 4 साल के बेटे की हत्या की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत 39 साल की सूचना अपने बेटे को लेकर गोवा आई और होटल रूम में उसका मर्डर किया। गोवा पुलिस ने मर्डर के दो दिन बाद बुधवार को इस बात की आशंका जाहिर की है।

गोवा पुलिस के मुताबिक, जिस होटल के कमरे में महिला रुकी हुई थी, वहां से कफ सिरप की दो



खाली बॉटल्स बरामद हुई हैं। पुलिस को शक है कि मर्डर से पहले सूचना ने अपने बेटे को कफ सिरप की हैवी डोज दी होगी। सूचना ने कफ सिरप की एक बॉटल होटल के एक स्टाफ से मंगवाई थी।

- **पोस्टमॉर्टम में दम घुटने से मौत की बात**
- **होटल में कफ सिरप की हैवी डोज दी**

सूचना ने कहा था कि उसे खांसी है।

इधर, बच्चे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी सामने आई है। कर्नाटक के हिरियूर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर कुमार नाइक ने बताया कि बच्चे की हत्या गला घोंटकर की गई है। ऐसा लग रहा है कि तकिया या तौलिया से गला घोंटा गया है।

## बिलकिस के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं

**नई दिल्ली,** बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं है। गुजरात के दाहोद पुलिस अधीक्षक बलराम मीणा ने दावा किया है कि पुलिस के पास दोषियों के सरेंडर करने की जानकारी नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की कॉपी भी अब तक नहीं मिली है, जिसमें दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने को कहा गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कॉपी नहीं मिली**

उन्होंने बताया कि सभी दोषी गुजरात के सिंगवाड के रहने वाले हैं। उनमें से कुछ अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रणधीकपुर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं।

**तैयारी** पाइप बैंड के नेतृत्व की जिम्मेदारी भी महिला कॉन्स्टेबल को मिली

## गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस के दस्ते में सिर्फ महिलाएं होंगी

**नई दिल्ली,** दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के दस्ते में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी। मार्चिंग दस्ते में कुल 194 महिला हेड कॉन्स्टेबल और महिला कॉन्स्टेबल हिस्सा लेंगी। इनका नेतृत्व आईपीएस ऑफिसर श्वेता के सुगथन करेंगी। दिल्ली पुलिस के अधिकारी के अनुसार लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल दिल्ली पुलिस के बैंड का नेतृत्व महिला कॉन्स्टेबल रुयागनुओ केनसे करेंगी। इस बैंड कुल 135 कॉन्स्टेबल हैं। पिछले साल तक बैंड का नेतृत्व पुरुष अधिकारी करते आ रहे थे, लेकिन इस साल से यह जिम्मेदारी भी महिला ऑफिसर को सौंपी गई हैं।

दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने कहा- मार्चिंग दस्ते में 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं नॉर्थ



- **लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया गया**

ईस्ट के राज्यों से हैं। हमारा मानना है कि नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के लोगों को भी को देश के बाकी लोगों की तरह समान अवसर मिलने चाहिए। इसलिए भर्ती के समय भी यह पॉलिसी अपनाई जाती है कि नॉर्थ ईस्ट के 8 राज्यों से पुलिस में भर्ती होनी ही चाहिए। आजादी के बाद से अभी तक दिल्ली पुलिस 15 बार बेस्ट मार्चिंग दस्ता घोषित किया गया है। आखिरी बार 2021 में दिल्ली पुलिस को बेस्ट मार्चिंग दस्ता का खिताब मिला था। उस समय शांति सेवा और न्याय की थीम दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने मार्च किया था। गणतंत्र दिवस परेड में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का फैसला 7 फरवरी को हुई 'डी-ब्रीफिंग बैठक' में लिया गया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की अध्यक्षता में हुई बैठक में सेना, नौसेना, वायु सेना, गृह मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस परेड 2024 में कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान होने वाली टुकड़ियों , झांकी और अन्य प्रदर्शनों में महिला प्रतिभागी शामिल होंगीं।

## संपादकीय...

# खत्म हुआ सस्पेंस

महाराष्ट्र में स्पीकर ने विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुना दिया है। इस मामले में शिंदे गुट को राहत मिली है। स्पीकर मे कहा कि शिंदे की अगुआई वाली पार्टी ही असली शिवसेना है। हालांकि उद्धव गुट ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा की है। महाराष्ट्र में स्पीकर राहुल नार्वेकर ने बुधवार को विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले में अपना फैसला दे दिया। राजनीतिक रूप से मामला संवेदनशील था। इसलिए विधानसभा के सेंट्रल हॉल में सुनाए गए फैसले का सीधा प्रसारण किया गया। इससे इस निर्णय के तार्किक आधारों को लोगों तक पहुंचाने में थोड़ी मदद भले ही मिली हो, लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) ने



अस्वीकार करते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा करने में देर नहीं की। राज्य सरकार पर असर : स्पीकर के फैसले का पहला नतीजा यह हुआ कि महाराष्ट्र के शिंदे मंत्रिमंडल के भविष्य को लेकर चल रही तमाम अटकलों पर विराम लग गया। स्पीकर ने कहा कि शिंदे की अगुआई वाली पार्टी ही असली शिवसेना है। लिहाजा व्हिप के उल्लंघन, शिंदे और अन्य विधायकों की अयोग्यता से जुड़ी मांग भी खारिज हो गई। ऐसे में शिंदे के मुख्यमंत्रित्व को लेकर उठ रहे सवाल भी कम से कम फिलहाल के लिए समाप्त हो गए। विवाद जारी रहेगा : मगर शिवसेना में विभाजन से जुड़े इस राजनीतिक विवाद का निपटना अभी बाकी है। इसका पहला सबूत तो उसी समय मिल गया था, जब फैसला आने से पहले ही शिवसेना (उद्धव गुट) यह कहते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई कि स्पीकर का मुख्यमंत्री से मिलना बताता है कि उनका फैसला निष्पक्ष नहीं होगा। फैसला आने के बाद भी इसे चुनौती देने की बात दोहराई गई। इससे स्पष्ट हो गया कि इस मामले पर परदा नहीं गिरा है और आगे सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखी जा सकती हैं। जनता की अदालत : चूंकि लोकसभा चुनावों के साथ ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव भी इसी साल होने हैं, इसलिए इन तमाम वाद-विवाद की तार्किक परिणति आम जनता की अदालत में लोगों के वोट से ही होनी है। शिवसेना में विभाजन के बाद कौन सा धड़ा असली है, यह वास्तव में एक राजनीतिक सवाल है। इसलिए इसका निपटारा लोगों की अदालत में ही हो सकता है। जाहिर है, वही पार्टी असली मानी जाएगी जिसे महाराष्ट्र की जनता असली पार्टी मानेगी। यह बात चुनावों में वोटिंग मशीन के जरिए ही सामने आएगी। NCP का मसला : शिवसेना के बाद NCP भी विभाजन से गुजरी और उसका भी एक धड़ा अलग होकर मौजूदा सरकार का हिस्सा बना। वहां भी शरद पवार की अगुआई वाला हिस्सा खुद को मूल पार्टी बताते हुए इन विधायकों की अयोग्यता का सवाल उठा रहा है। जाहिर है, पक्ष-विपक्ष में सुनाए जाने वाले फैसले के बाद वह मामला भी आखिरी तौर पर चुनाव नतीजों से ही निपटेगा। नजरें चुनाव पर : ऐसे में स्वाभाविक ही सबकी नजरें इस बात पर जमी हैं कि महाराष्ट्र में तमाम राजनीतिक धड़े चुनावी तैयारियों को कितने असरदार ढंग से अंजाम दे पा रहे हैं।

## 12 जनवरी शहीद दिवस पर विशेष

# स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन

अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन, स्वतंत्रता, स्वदेशी, हिंदू-मुस्लिम एकता, समानता और समाजवाद को अपना पंचशील सिद्धांत मानने वाले और ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ाई का रास्ता चुनने वाले अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन का जन्म 1910 में महाराष्ट्र के सोलापुर में हुआ था। कम उम्र में ही वह लोकमान्य बाला गंगाधर तिलक और महात्मा गांधी के प्रभाव में आ गये। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ली और स्थानीय युवा लीग के महासचिव के रूप में कांग्रेस के सभी ब्रिटिश विरोधी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। जल्द ही उन्होंने न केवल एक अच्छे वक्ता के रूप में बल्कि एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में भी ख्याति प्राप्त कर ली। खादी कपड़े पहनने के अलावा, उन्होंने घरेलू उत्पादों के उपयोग की आवश्यकता को समझाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने डॉ.केबी अंत्रोलिकर के साथ मिलकर कई ब्रिटिश विरोधी कार्यक्रम आयोजित किये और अंग्रेजों के विरोध का सामना किया। उन्होंने एक फैक्ट्री में काम किया जहां उन्होंने श्रमिकों को एकजुट किया और एक ट्रेड यूनियन बनाई। उन्होंने लोगों को राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 1927 में एक उर्दू पत्रिका 'गजनफर' शुरू की। उन्होंने ब्रिटिश अधिकारियों के कुकर्मों को उजागर करने,



ABDUL RASOOL QURBAN HUSSAIN
(1910-1931)

हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने और लोगों को प्रेरित करने वाले संपादकीय और समाचार प्रकाशित किए। उन्होंने रमज़ान और बकरीद जैसे त्योहारों पर खादी के कपड़े लाकर पहने और लोगों से भी ऐसा करने की अपील की और स्थानीय बुनकरों को प्रोत्साहित किया। उनकी गतिविधियों से चिढ़कर ब्रिटिश अधिकारी अब्दुल रसूल को झटका देना चाहते थे और मौके का इंतजार कर रहे थे। वर्ष 1930 में सोलापुर के लोगों ने महात्मा गांधी की गिरफ्तारी के ख़िलाफ़ आक्रोश जताया और उन्होंने तिरंगा फहराया। स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रहने वाले ब्रिटिश अधिकारियों को भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। सोलापुर में घटनाओं के अप्रत्याशित मोड़ से क्रोधित होकर, ब्रिटिश अधिकारी भारी सशस्त्र बलों के साथ लौट आए, और आंदोलनकारी लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिससे कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।स्थिति का लाभ उठाते हुए ब्रिटिश अधिकारियों ने अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन पर एक ब्रिटिश अदालत द्वारा मुकदमा चलाया गया जिसमें उन्हें मौत की सजा सुनाई। 20 वर्षीय अब्दुल रसूल कुर्बान हुसैन ने माफ़ी मांगने की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और निडरता से मौत की सजा को गले लगा लिया और 12 जनवरी 1931 को शहीद हो गए।(संदर्भः द इम्मोर्टल्स-2, सैयद नसीर अहमद द्वारा, 9440241727)संकलन हसरत अलीशेरपुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश

### द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें स्वीकार करते हुए इसके कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सभी उच्च न्यायालयों में एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यह आदेश दिया।

### पंजाब में गडकरी ने 4000 करोड़ की परियोजनाएं शुरु की



नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पंजाब को राष्ट्रीय राजमार्गों के जरिए विकास की राह पर अग्रसर करते हुए बुधवार को होशियारपुर में चार हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

### भक्ति साहित्य में एकात्म व सहिष्णुता का सदेश : मुहीबोवा

**नई दिल्ली** ।उज्बेकिस्तान की हिन्दी विद्वान उल्फत मुहीबोवा ने कहा है कि भारतीय भक्ति साहित्य के प्रत्येक शब्द के पीछे एक दर्शन है, जिसे विश्व को समझना चाहिए। साहित्य अकादमी के एक कार्यक्रम उन्होंने यह बात कही।

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

# मिरा भाईदर महानगरपालिका

// जाहिर सूचना //

**"नायलॉन मांजा वापरण्यास प्रतिबंध"**

मिरा भाईदर महानगरपालिका हद्दीमध्ये मकर सक्रांती सण साजरा करताना नागरिकांकडून पतंग उडविले जातात व यासाठी मोठ्या प्रमाणावर (प्लास्टिक किंवा सिंथेटिक धाग्यांचा) नायलॉन मांजा वापर करण्याची शक्यता आहे. या मांजामुळे मानवी अपघातासह पक्षांना मोठ्या प्रमाणावर इजा होऊन अनेक मानव / पक्षी / प्राणी यांना आपला जीव गमवावा लागतो. त्यामुळे नायलॉन मांजाच्या घाऊक व किरकोळ विक्रीवर शासनाने बंदी घातलेली आहे. तसेच यासंबंधित Animal Welfare Board of India यांनी सूचना निर्गमित केलेल्या आहेत.

सबब, मिरा भाइंदर महानगरपालिका क्षेत्रातील नागरिकांना खालीलप्रमाणे जाहिर आवाहन करणेत येत आहे.

१. नायलॉन मांजाऐवजी पर्यावरण पूरक पर्यायांचा अवलंब करावा.

२. प्लास्टिक किंवा इतर कृत्रिम वस्तूपासून बनविलेल्या नायलॉन मांजाचा वापर टाळावा.

३. घाऊक व्यापारी, किरकोळ व्यापारी तसेच साठवणूकदार यांनी तत्परतेने नायलॉन मांजाची विक्री, साठवणूक थांबविण्यात यावी. वर्षभरात त्याची साठवणूक, हाताळणी व विक्री होणार नाही, याची दक्षता घ्यावी.

४. पतंग उडवितांना केलेल्या मांजाच्या वापरामुळे विजेच्या तारांवर घर्षण होवून आग लागणे, उपकेंद्रे बंद पडणे, वीज उपकरणे बिघडणे, अपघात घडणे, इजा व जिवीतहानी होणे, इ. बाबींचा विचार करता नायलॉन मांजाचा वापर करु नये.

५. नायलॉन मांजामुळे जखमी झालेल्या पशु पक्षी यांना उपचाराकरिता "पशु पक्षी केंद्र" उड्डाणपुला खाली, भाइंदर (प.) येथे दाखल करण्याचे आवाहन करण्यात येत आहे.

सही/ -
(अनिकेत मानोरकर)
अतिरिक्त आयुक्त
मिरा भाईदर महानगरपालिका

# 5 मंजिला इमारत की खिड़की से गिरकर महिला की मौत से मचा हड़कंप

सिटी न्यूज मुंबई/ भिवंडी के गैबीनगर इलाके में पांच मंजिला बिल्डिंग की खिड़की से गिरने के कारण एक महिला की मौत हो गई ।बताया जा रहा है कि घर में काम के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण खिड़की से महिला नीचे गिर गई ।पुलिस घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार स्थानीय गैबी नगर इलाके में सम्स होटल के पास एक पांच मंजिला नव निर्मित बिल्डिंग बनी हुई है ।जिसके पांचवे महले पर अख्तर अली अपनी पत्नी व दो लड़कों के साथ रहते व रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करते है ।पुलिस ने बताया कि



सोमवार की रात 8 बजे जब अख्तर रिक्शा चलाने गए थे ।उसी दौरान उनके लड़के भी काम से घर से बाहर गए थे और उनकी पत्नी घर में अकेली थी। घर में काम करने के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण उनकी पत्नी घर की खिड़की से पांचवे महले से नीचे गिर गई ।जिसके कारण उसकी घटनास्थल पर ही जोरदार चोट लगाने के कारण मौत हो गई ।इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्जकर जांच शुरू की है ।पुलिस ने बताया कि उक्त हादसा घर की खिड़की में लोहे का ग्रिल न लगी होने के कारण घटी है ।गौरतलब है कि भिवंडी में बड़ी तादात में येसी बिल्डिंग है,जिसमे बनाए गए खिड़की में सुरक्षा की दृष्टि से कोई ग्रिल नही लगाया गया है ।जिसके कारण इस प्रकार घटना की शहर में पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता है।

यह दैनिक मालक-मुद्रक-प्रकाशक, संपादक मोहम्मद शकील अब्दुल रफीक ने सिटी इन्टरप्राजेस धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे से प्रकाशित किया, मुख्य कार्यालय - धरती कॉम्पलेक्स शॉप नं. 11, एवरशाईन नगर, मिरा रोड (पूर्व), जिल्हा - ठाणे महाराष्ट्र ।मुंबई कार्यालय - शॉप नं. 14 उपाध्याय इंडस्ट्रियल इस्टेट, दहिसर चेक नाका, मुंबई इस समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है किसी भी विवाद का निपटारा मा. ठाणे न्यायालय के अधीन होगा संपादक मो. शकील अ. रफीक : मो. 9869128483 Email : shakeelsahara@gmail.com / citynewsmumbai@gmail.com website : www.citynewsmumbai.in RNI No. : MAHHIN/2012/47486


महाराष्ट्र शासन
सत्यमेव जयते
महाराष्ट्र शासन
स्वस्ति श्रीराज्याभिषेक शके ३५०
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री
तेज़ और आधुनिक परियोजनाएँ, यही विकसित भारत की संकल्पना
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न
विकास कार्यों का
भूमिपूजन, लोकार्पण
और राष्ट्र को समर्पण
अटल बिहारी वाजपेयी
शिवडी न्हावा-शेवा अटल सेतु
नमो नारीसन्मान
नमो मिशन - मुख्यमंत्री महिला
सशक्तिकरण योजना
ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव्ह
सुरंग परियोजना
नारीशक्ती दूत ॲप
नारी शक्ती दूत ॲप
नवी मुंबई मेट्रो-१
बेलापुर से पेणधर
मुंबई महानगर क्षेत्र के पश्चिमी विभाग
के लिए सूर्या क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजना
दिनांक : १२ जनवरी २०२४ | समय दोपहर ४.00 बजे.
नवी मुंबई आंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कार्यस्थल के सामनेवाला प्रांगण,
तहसील-पनवेल, जिला-रायगढ़, पिन– ४१०२०६.
/MahaDGIPR
mahasamvad.in
MAHARASHTRADGIPR
सीधा प्रसारण DD NEWS
सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय, महाराष्ट्र सरकार

# भिवंडी में 12 जनवरी से होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुवात

सिटी न्यूज मुंबई/गनी खानकेंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने हेतुर विकसित भारत संकल्प यात्रारकी शुरुवात भिवंडी के मिल्लतनगर में स्थित फरहान हॉल से शुक्रवार 12 जनवरी से सुबह 10 बजे की जाएगी।जो लगातार 14 दिनों तक यानी 25 जनवरी तक चलेगा।इस बीच शहर में 28 स्थानों पर विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाएगा।जहां पर केंद्र सरकार द्वारा जनता के लिए लागू किए गए विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को उपलब्ध कराया जाएगा।जिनमें प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ





भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई बस सेवा, अमृत योजना आदि शामिल हैं।उक्त जानकारी मनपा जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई है।भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने वाली वैन शहर में जगह-जगह घूमेगी।जिसके मद्देनजर शहर में 28 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। 14 दिनों तक वैन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक फरहान हॉल मिल्लत नगर, गरीब नवाज मैरिज हॉल, अवचित पाड़ा उर्दू स्कूल चविंद्रा, बुद्ध विहार रामनगर गायत्री नगर सहित पूरे शहर में घूमेगी।जिसके माध्यम से नागरिकों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ दिया जाएगा। इस कैंप सेंटर में सरकारी योजनाओं के अलावा पीएम फंड, रजिस्ट्रेशन कैंप हेल्थ चेकअप कैंप, क्षय रोग जांच, आयुष्मान भारत कार्ड वितरण, पी.एम. उज्वला योजना के तहत पंजीकरण के साथ-साथ आधार कार्ड सुधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाने के लिए भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य की अध्यक्षता में एक समन्वय समिति का गठन किया गया है।मनपा उपायुक्त मुख्यालय दीपक झिंझाड़ को इसका समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है। शहर में 28 स्थानों पर निकाली जाएगी भारत संकल्प यात्रा इन 28 स्थानों की संकल्प यात्रा की सूची मनपा की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने भिवंडीवासियों से केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के साथ इस संकल्प यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से त्रस्त विवाहित महिला ने की खुदकुशी

## पति सहित 7 लोगों पर केस दर्ज

सिटी न्यूज मुंबईभिवंडी तालुका के कोनगांव इलाके में स्थित ठाकराचा पाड़ा में एक विवाहित महिला ने ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी साड़ी का फंदा बनाकर फांसी से झूलकर खुदकुशी कर ली। इस मामले में कोनगांव पुलिस ने पति सहित 7 लोगों पर आत्महत्या के लिए विवश करने का केस दर्ज किया है,लेकिन अभी तक द्वारा किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। कोनगांव पुलिस के अनुसार भिवंडी तालुका के कल्याण रोप पर स्थित पिंपलगांव निवासी कैलाश आत्माराम भोईर ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में बताया है कि कविता परिमल ठाकुर की शादी ठाकराचापाडा के रहने वाले परिमल एकनाथ ठाकुर से हुई थी।



लेकिन शादी के बाद से कविता को उसके ससुराल में प्रतिदिन उसके पति,सांस,ससुर आदि लोगों द्वारा किसी न किसी बात को लेकर ताने, गाली-गलौज किया जाता था।साथ ही छोटी छोटी बात पर कविता के साथ मारपीट किए जाने के साथ उसे जलील व प्रताडित किया जाता था जिससे तंग आकर कविता ने अपने घर की रसोई में लोहे की रॉड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोनगांव पुलिस ने उपरोक्त कारणों से आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने को लेकर पति परिमल एकनाथ ठाकुर सहित ससुराल के 7 लोगों पर एफआईआर नंबर 05/2024 में भा.द.वि.अधिनियम की धारा 306, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच पोउपनि एन.एस.वाडकर कर रहे हैं।

# बीजेपी नेता पंकजा मुंडे के चीनी कारखाने की होगी ई-नीलामी, नोटिस जारी



सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) ने 203.69 करोड़ रुपये के बकाया वसूली के लिए महाराष्ट्र में स्थित और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव पंकजा मुंडे के परिवार के नियंत्रण वाली सहकारी चीनी मिल की ई-नीलामी के लिए एक नोटिस जारी किया है. बैंक की तरफ से मंगलवार को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित नोटिस के अनुसार, वैद्यनाथ सहकारी चीनी कारखाने की ई-नीलामी 25 जनवरी को होगी. नोटिस में क्या कुछ कहा गया है? नीलामी नोटिस में मुंडे और कई अन्य व्यक्तियों के नाम का उल्लेख कर्जदार और गारंटी देने वाले के रूप में किया गया है. नोटिस के अनुसार, बैंक के अहमदनगर क्षेत्रीय कार्यालय ने 203.69 करोड़ रुपये का बकाया वसूलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. पंकजा मुडे ने पिछले साल सितंबर में उनके परिवार द्वारा नियंत्रित मिल को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से नोटिस मिलने की बात स्वीकार की थी. उन्होंने दावा किया था कि इस चीनी मिल को छोड़कर, कई अन्य मिलों को केंद्र सरकार से सहायता मिली. उन्होंने कहा कि चीनी मिल उनके पिता दिवंगत भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे ने कठिन परिस्थिति में शुरू की थी और कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने इसे चलाया. पंकजा मुंडे ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान स्थिति कठिन हो गई और अब कारखाना बैंक के कब्जे में है.

# महाराष्ट्र में क्राइम ब्रांच की बड़ी कारवाई, 1.39 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित गुटखा किया जब्त

मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने अंधेरी के डीएन नगर इलाके से 1.39 करोड़ रुपये का प्रतिबंधित उत्पाद गुटखा जब्त किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां तीनों को शुक्रवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. महाराष्ट्र में गुटखा और सुगंधित तंबाकू की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध है. ये जानकारी मुंबई पुलिस ने दी है. कुछ महीने पहले भी हुई थी ऐसी कार्रवाई कुछ महीने पहले की बात करें तो महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस सप्ताह गुटखा और पान मसाला बेचने वाली दुकानों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया था, जिसमें



एक लाख से अधिक का सामान जब्त किया गया और एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. एफडीए अधिकारियों ने जोगेश्वरी, मुलुंड, दादर, परेल, बोरीवली और नागपाड़ा में पान की दुकानों पर छापेमारी की. एफडीए (खाद्य) के संयुक्त आयुक्त शैलेश अधाओ ने कहा कि गुटखा, पान मसाला, मीठी सुपारी और सुगंधित तंबाकू - ये सभी चार वस्तुएं महाराष्ट्र में प्रतिबंधित हैं - लगभग 25 दुकानों में खुले तौर पर पाई गईं, जिन पर छापा मारा गया था. स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है गुटखा गुटखा, एक चबाने योग्य तम्बाकू उत्पाद है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है. इसका उपयोग मसूड़ों की बीमारी और दांतों की सड़न जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है. तंबाकू की मात्रा मुंह के कैंसर के खतरे को बढ़ाती है, जबकि निकोटीन लत में योगदान देता है. हृदय संबंधी समस्याएं, पाचन संबंधी विकार और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी गुटखे से जुड़ी हैं. इसके अतिरिक्त, यह मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है, जिससे तनाव और चिंता बढ़ सकती है. इन स्वास्थ्य जोखिमों के कारण, कई क्षेत्रों ने गुटखा पर प्रतिबंध लगा दिया है.

# ऑटो-बाइक की नो एंट्री, 100KM की रफ्तार से दौड़ेंगी कारें...




मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक (MTHL) देश का सबसे लंबा समुद्री पुल है। इस पुल को बनाने में 18,000 करोड़ रुपये खर्चा आना था। यह पुल 2018 से बन रहा है। इस पुल का साढ़े चार साल में पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण बुनियादी ढांचा परियोजना में आठ महीने की देरी हुई। अटल सेतु के रूप में भी जाना जाने वाला यह पुल मुंबई के सेवरी से शुरू होता है और रायगढ़ जिले के उरण तालुका में न्हावा शेवा पर समाप्त होता है। इस पुल से मुंबई से नवी मुंबई का सफर पूरा करने वाले कार चालकों को 250 रुपये टोल पर खर्च करने होंगे। कैबिनेट की बैठक में एमटीएचएल की टोल की दरों को महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी मिल गई है। समुद्र पर बने देश के सबसे लंबे ब्रिज का उद्घाटन 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। 22 किलोमीटर लंबे इस ब्रिज पर वाहनों की आवाजाही शुरू होने के बाद मुंबई से नवी मुंबई का सफर केवल 20 मिनट में पूरा करना संभव हो जाएगा। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के पूरे हिस्से में हाईटेक तकनीक के जरिए सर्विलांस रहेगा। सीएम शिंदे ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया था। मुख्यमंत्री ने अपने निरीक्षण में बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि 12 को पीएम मोदी इसका शुभारंभ करेंगे। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक से 70 हजार वाहनों का आवागमन होने की उम्मीद है। इस एमएमआरडीए ने बनाया है।

## बीएसएफ महानिदेशक ने जम्मू फ्रंटियर का किया दौरा

**जम्मू।**सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को जम्मू फ्रंटियर का दौरा किया और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। अग्रवाल ने सीमा पर जमीनी सुरक्षा व्यवस्था का पता लगाने के लिए अखनूर सेक्टर का भी दौरा किया। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ महानिदकशक जम्मू के एक दिवसीय दौरे पर हैं और उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा की है।

## सड़क हादसे में एक परिवार के तीन की मौत

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि रामगढ़ के चेटर गांव के एक परिवार के लोग बोलेरो जीप पर सवार होकर पारसनाथ (मधुवन) जा रहे थे। चितरपुर के पास इस जीप के चालक ने सड़क पर एक खड़े ट्रक को सामने से धक्का मार दिया। हादसे में टेकलाल महतो की बहू और दो वर्षीय पोते की मौत मौके पर ही हो गई। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र महतो की पत्नी ने रिम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चार अन्य का इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है।

## सामूहिक बलात्कार के आरोप में तीन गिरफ्तार

**पणजी।**गोवा पुलिस ने कोलम-दक्षिण गोवा में दो नाबालिग लड़कियों से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में तीन मजदूरों को गिरफ्तार किया है। कोलम पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार तड़के की है। आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय सना सिंह, 35 वर्षीय जय सिंह और 22 वर्षीय देवलाल अगरिया के रूप में हुई है। यह सभी छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस ने आगे बताया कि आरोपी रेलवे ट्रैक का काम करते हैं। नाबालिग लड़कियों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# आम चुनाव से पहले तेलंगाना को बदलने में केसीआर का अहम योगदान : केटीआर

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव (केटीआर) ने पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) के नेतृत्व में परिवर्तनकारी दशक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तेलंगाना को तबाही से विकास की ओर ले जाने में उनका (केसीआर का) अहम योगदान रहा। रामाराव ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक के दौरान बुधवार को तेलंगाना भवन में वारंगल लोकसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए इस आशय का दावा किया।

उन्होंने तेलंगाना को तबाही से विकास की ओर ले जाने के लिए बीआरएस प्रमुख राव को श्रेय दिया। बैठक के दौरान रामाराव ने ग्रामीण आर्थिक सहायता के लिए केसीआर के अद्वितीय समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि



केसीआर का 99 प्रतिशत समय तेलंगाना के तेज विकास के लिए शासन को समर्पित था। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के निरंतर प्रयासों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की और आगामी चुनावों से पहले जनता का समर्थन हासिल करने में पार्टी के विश्वास की पुष्टि की। रामाराव ने वारंगल के महत्व पर जोर दिया, इसे जयशंकर सर का जन्मस्थान बताया और वारंगल में एक बार फिर गुलाबी झंडा फहराने का पार्टी का लक्ष्य व्यक्त किया। आठवीं संसदीय सीट की तैयारी बैठक में पार्टी को मजबूत करने के लिए सुझाव जुटाने, खामियों की समीक्षा करने और संसदीय चुनाव की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### लाभकारी योजनाओं को रद्द करने पर जताया असंतोष

रामाराव ने लाभकारी योजनाओं को रद्द करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कांग्रेस सरकार की नीतियों के बारे में भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने गरीबों की आवाज सुनने के महत्व पर जोर दिया और अपने वादों से पीछे हटने के प्रयास के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने गरीबों पर केंद्र सरकार की नीतियों के हानिकारक प्रभाव पर ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने साथ ही कुछ महीनों के भीतर कांग्रेस शासन के खिलाफ उभरने लगे विरोध पर भी प्रकाश डाला।

## अजित पवार ने डीपीसी मसौदा को दी मंजूरी

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को पुणे जिले के लिए कुल 1128.84 करोड़ रुपये की जिला योजना समिति (डीपीसी) मसौदा योजना को अपनी मंजूरी दे दी। यह निर्णय डीपीसी की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री पवार ने मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में की। इस दौरान, 2024-25 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों के हित में चलायी गई योजनाओं के



विकासात्मक कार्यान्वयन के लिए कुल 1128.84 करोड़ का बजट रखा गया है।

इस बैठक में सहकारिता मंत्री दिलीप वलसे पाटिल, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, विधान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरे और मंत्रालय से सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि सामान्य योजना के तहत वर्ष 2023-24 के दौरान 590 करोड़ रुपए (83.72 प्रतिशत) धनराशि खर्च की गई है।

# जेयू के बाद कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में रैगिंग की शिकायत

(एजेंसियां)। जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के बाद, कोलकाता के प्रतिष्ठित कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रैगिंग की शिकायतें सामने आई हैं, जहां दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं (जूनियर रेजिडेंट्स) ने अपने वरिष्ठों द्वारा शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि दो पीड़ितों में से एक ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले चार महीनों से उसे अत्यधिक शारीरिक और मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उसे एक मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना पड़ा।

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों को भी शिकायत दी गई है। मामले की जांच के लिए अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने कहा कि जूनियर स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं को इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस घटनाक्रम ने राज्य के शैक्षणिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है - खासकर पिछले साल



अगस्त में जादवपुर विश्वविद्यालय के एक नए छात्र की रैगिंग से संबंधित आत्महत्या की पृष्ठभूमि में।

मामले की जांच से पता चला कि विश्वविद्यालय परिसर, विशेषकर छात्रों के छात्रावासों में रैगिंग की समस्या को रोकने में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करने में विश्वविद्यालय अधिकारियों की ओर से घोर लापरवाही हुई थी। इस मामले में जेयू के कई वर्तमान और पूर्व छात्रों को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

राजनीति | *देशभर में जनाधार बढ़ाने में जुटी भाजपा*

# इस बार 460 से ज्यादा सीटों पर लड़ सकती है लोकसभा चुनाव

**पार्टी का जनाधार बढ़ाने और 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल कर देश में तीसरी बार सरकार बनाने के मिशन में जुटी भाजपा इस बार 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले ज्यादा सीटों पर अकेले लड़ने की तैयारी कर रही है। पार्टी सूत्रों की मानें, तो भाजपा इस बार 460 से ज्यादा सीटों पर।**

अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। यह आंकड़ा किसी भी सूरत में 460 से नीचे नहीं रहेगा, बल्कि इसमें 5-6 सीटों की बढ़ोतरी की ही ज्यादा संभावना नजर आ रही है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 436 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और बाकी सीटें सहयोगी दलों को दी थी, लेकिन इस बार भाजपा 460 से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और बाकी सीटें सहयोगी दलों को



**2019 में 436 सीटों पर लड़ी थी चुनाव**

देगी। भाजपा की राज्यवार रणनीति पर नजर डालें तो 2019 के लोक सभा चुनाव में पार्टी बिहार की 40 में से सिर्फ 17 लोक सभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ी थी और बाकी बची 23 सीटों में 17 जेडीयू और 6 लोजपा को दी थी, लेकिन इस बार नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन के साथ है। ऐसे में भाजपा इस बार बिहार में 30 सीटों पर स्वयं लड़ने की तैयारी कर रही है और बाकी बची 10 सीटें भाजपा अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ेगी। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से भाजपा 2019 में 78 पर चुनाव लड़ी थी और 2 सीट अपना दल (एस) को दिया था, इस बार अगर पार्टी को ओम प्रकाश राजभर को लोकसभा सीट देनी पड़ी तो पार्टी 77 सीट पर चुनाव लड़ेगी और इस एक सीट की भरपाई महाराष्ट्र में की जा सकती है। महाराष्ट्र में पिछली बार उद्धव ठाकरे भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़े थे, लेकिन इस बार वह विपक्षी गठबंधन के साथ है। 2019 में महाराष्ट्र में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा इस बार 26 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। बाकी बची हुई 22 सीटें पार्टी अपने सहयोगियों के लिए छोड़ेंगी। राजस्थान में भाजपा ने पिछले चुनाव में एक सीट हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी को दी थी, लेकिन इन बार पार्टी राज्य की सभी 25 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। पिछली बार पंजाब में सिर्फ 3 सीटों पर लड़ने वाली भाजपा इस बार राज्य की सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। हालांकि एनडीए में शामिल सहयोगी दलों की संख्या 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार बढ़ी है। एनडीए गठबंधन में इस समय 40 के लगभग दल शामिल हैं, जिसमें इजाफा होना भी तय माना जा रहा है, लेकिन भाजपा अपने ज्यादातर सहयोगी दलों को राज्य या स्थानीय स्तर पर तवज्जों या यूं कहें कि हिस्सेदारी देगी और राष्ट्रीय स्तर पर स्वयं को आगे रखते हुए पार्टी की ताकत बढ़ाने पर फोकस करेगी।